p>

Title: Request government to ensure proper functioning of the State government Medical College Chakrapanpur Azamgarh, Uttar Pradesh.

श्रीमती संगीता आजाद (लालगंज): अध्यक्ष जी, मेरे जनपद आजमगढ़ में राज्य सरकार द्वारा स्थापित राजकीय मेडिकल कालेज में शैक्षणिक वर्ष 2019-20 में मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया के मानक पूर्ण न होने के कारण एमबीबीएस की सौ सीटों पर छात्रों का इस वर्ष दाखिला नहीं हो पाया है और न ही अभी तक कई वर्षों से रिक्त पड़े प्रोफेसरों के पदों की भर्ती हो पाई है । इस कालेज के आपरेशन संबंधी तमाम उपकरण मेडिकल कालेज गोरखपुर में स्थानांतरित कर दिए गए हैं । इस वजह से यहां इनफ्रास्ट्रक्चर की काफी कमी हो गई है । यहां टेक्नीकल स्टाफ की भी कमी है, जिसके कारण वेंटिलेटर एवं ऐसे तमाम उपकरण रहने के बावजूद भी मरीजों को फायदा नहीं हो पा रहा है । इस कालेज में कई ऐसे संकाय हैं, जिनमें प्रोफेसर, डाक्टर न होने से मरीजों का आपरेशन नहीं हो पा रहा है और न ही उन्हें निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं ।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से अनुरोध करती हूं कि केंद्र सरकार राज्य सरकार को निर्देशित करे कि राजकीय मेडिकल कालेज चक्रपानपुर आजमगढ़ में उपरोक्त समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराए, जिससे आजमगढ़ की जनता को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिल सके ।